<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>छात्रों को हवाई अड्डों की कार्यशैली का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से भा.वि.प्रा द्वारा प्रशिक्षुता कार्यक्रम 'प्रदीप्ति' का शुभारंभ</u>

<u>नई दिल्ली 10 मई, 2024</u> : देश के सबसे बड़े हवाईअड्डा प्रचालक और एकमात्र वायु दिक्चालन सेवा प्रदाता, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा.वि.प्रा) द्वारा 10 मई, 2024 को भारतीय विमानन अकादमी, नई दिल्ली में अपने प्रशिक्षुता कार्यक्रम-प्रदीप्ति का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम भा.वि.प्रा के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार और भा.वि.प्रा के बोर्ड सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शैक्षणिक संस्थानों और भा.वि.प्रा हवाई अड्डों के विमानपत्तन निदेशकों द्वारा भी व्यक्तिगत और वर्चुअल मोड के माध्यम से भाग लिया गया।

प्रशिक्षुता कार्यक्रम का उद्देश्य हवाई अड्डों के आसपास के शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचना है ताकि युवाओं को हवाई अड्डे की अवंसरचना, प्रचालन और वायु दिक्चालन सेवाओं के व्यावहारिक पहलुओं को सीखने में सहायता मिल सके और नागर विमानन में उनकी रुचि उत्पन्न हो सके। भा.वि.प्रा के साथ शिक्षण की संकल्पना तीन स्तरों पर की गई है, जिसमें अल्पकालीन अवधि लेकर दीर्घ अवधि तक शिक्षण के विभिन्न अवसर शामिल हैं।

डॉ. एच. श्रीनिवास, सदस्य (मानव संसाधन), भा.वि.प्रा द्वारा अपने संबोधन के दौरान प्रशिक्षुता कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई और प्रतिभागियों को होने वाले प्रमुख लाभों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर, अध्यक्ष,भा.वि.प्रा द्वारा बताया गया कि "यह कार्यक्रम छात्रों को विशेष रूप से हवाई अड्डों की कार्यशैली को प्रत्यक्ष अनुभव देने के अलावा बड़े पैमाने पर विमानन उद्योग के कामकाज के शिक्षण प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है ताकि उन्हें अपनी रूचि को साकार करने हेतु उत्साह उत्पन्न हो। इस पहल का उद्देश्य संस्थानों के छात्रों को उनकी रुचि के क्षेत्र को पहचानने में सहायता करने के साथ-साथ हवाई अड्डों पर परियोजना कार्यान्वयन में भागीदारी के माध्यम से उन्हें क्षेत्र का अनुभव प्रदान करना है।

भा.वि.प्रा द्वारा एक समझौता ज्ञापन तैयार किया गया है जिस पर संबंधित शैक्षणिक संस्थानों और भा.वि.प्रा के बीच हस्ताक्षर किए जाएंगे जो प्रशिक्षुता कार्यान्वयन प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने में सहायता करेगा। अब तक, देश भर में भा.वि.प्रा हवाई अड्डों के

आसपास 120 से अधिक संस्थानों द्वारा स्नातक/स्नातकोत्तर/व्यावसायिक डिग्री पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत उनके छात्रों हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

निगमित संचार निदेशालय, भा.वि.प्रा द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (सीसी) 011-20818228
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 2/ 2024-25

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Welcomes
Universities, Institutes & Colleges across India
LAUNCH OF INTERNSHIP PROGRAM
प्रदीप्ति
Igniting Passion for Aviation
on 10.05.2024 at IAA
Under the leadership of
Sh. Sanjeev Kumar, IAS
CHAIRMAN, AAI
iaa
भारतीय विमानन अकादमी
Indian Aviation Academy